### अरुणादित्य सिंह के जन्मोत्सव पर हुआ क्षत्रिय बुजुर्गों एवं मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

# क्षत्रिय समाज शिक्षा पर ध्यान दे, बिना शिक्षा के कुछ भी नहीं हैः मानवेन्द्र सिंह

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

आप जिस क्षेत्र में है, चाहे वह राजनीति का क्षेत्र हो, समाज सेवा का क्षेत्र हो, आप लोगों के काम आए यही क्षत्रिय का धर्म हैं यह विचार सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने दतिया किला में क्षत्रिय समाज दतिया द्वारा आयोजित महाराज अरुणादित्य सिंह जी के 48 वें जन्मोत्सव पर क्षत्रिय बुजुर्गो एवं मेघावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार को आप सभी का स्नेह और सम्मान पीढ़ियों से मिलता आ रहा है, इसके लिए मैं आभारी हूँ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर मानवेन्द्र सिंह सभापति उप्र विधान परिषद ने कहा कि क्षत्रिय समाज को शिक्षित और संगठित रहने पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षा के साथ ही नई पीढ़ी को संस्कारित बनाना जरूरी हैं, अच्छा विद्यार्थी वह हैं जो हमेशा सीखने का भाव रखता हैं। उन्होंने बुजुर्ग जनों को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चन्द्रभूषण सिंह बुंदेला गुड्डु राजा महासचिव मप्र कांग्रेस कमेटी ने कहा कि शिक्षा वह धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता। आप सभी अच्छे से पढ़े आगे बढ़ें और सफलता के शिखर तक पहुंचे, मेरी शुभकामनाएं हैं। सभी मंचासीन अतिथियों ने दतिया महाराजा अरुणादित्य सिंह जी को पुष्प गुच्छ भेंटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान 44 वृद्धजनों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए अभिनन्दन पत्र एवं साफा भेंटकर एवं 8 विद्यार्थियों को 10 वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सुप्रसिद्ध गायक पँडित नीरज नयन शास्त्री ने भजन एवं गजलों की सुंदर प्रस्तुतियां देकर शमां बांधा। कार्यक्रम देर रात 12 बजे तक चला। हजारों की संख्या में दतिया के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से तथा दतिया शहर के गणमान्य एवं आमजन पुष्प मालाएं, पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह, बर्थ डे गिफ्ट आदि लेकर महाराजा अरुणादित्य सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने एवं महाराज कुमार घनश्याम सिंह जूदेव से मुलाकात करने पहुंचे। महाराजा अरुणादित्य सिंह एवं मंचासीन मुख्य अतिथि कुंवर मानवेन्द्र सिंह , महाराज कुमार घनश्याम सिंह सिंह , चन्द्रभूषण सिंह बुन्देला गुड्डु राजा का बड़ी माला से स्वागत क्षत्रिय युवाओं शिरोमणि सिंह सोलंकी, अरविंद सिंह परमार, शिवा राजा बुन्देला, जितेंद्र बुन्देला, अमनराज बुन्देला, अक्षय राजा परमार, राघव राजा, प्रांजुल राजा, गिर्राज राजा,संजू राठौड़, यश राजा, काका परिहार,यशवर्धन सिंह बुन्देला, लोकपाल सिंह बुन्देला ने बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत क्षत्रिय समाज की ओर से रवि ठाकुर ने कुंवर मानवेन्द्र सिंह जी को साफा पहनाकर तथा रेवेंद्र सिंह परमार गिन्नी राजा ने माल्यार्पण कर किया।

इसी क्रम में राजकुमार बुन्देला, मान्धाता सिंह परमार, राव विक्रम सिंह परमार, राव शिवाजी राजा परमार, जयवेंद्र सिंह परिहार, शिरोमणि सिंह सोलंकी, ब्रजेंद्र शाह वापा साहब,जयेंद्र सिंह सेंगर, ब्रजेंद्र सिंह बैस, जितेंद्र सिंह पठारी, महिपाल सिंह सूर्यवंशी, श्यामपाल सिंह बिल्हारी, वलवीर सिंह चौहान ने अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया तथा महाराज कुमार घनश्याम सिंह जी ने क्षत्रिय समाज दतिया की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं तलवार भेंट की। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र सिंह बुन्देला ने तथा आभार प्रदर्शन रवि ठाकुर ने किया।रघुराज सिंह परिहार मुरली भोबई, नत्थू सिंह चौहान छता, दिमान जयपाल सिंह जूदेव बुन्देला बडौनी, महेश सिंह पंवार बिलोनी, चन्द्रभूषण सिंह साहब राजा दतिया, भगवान सिंह परमार जिगना, डॉ प्रतिपाल सिंह बुन्देला सलैया पमार, लक्ष्मण सिंह परमार रजऊ राजा जिगना, केशव सिंह परमार डांग करैरा, रामपाल सिंह परमार सलैया पमार आदि शामिल है। इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का हुआ सम्मान-कक्षा 12 वीं में- 1-गोल्डी राजा पुत्री कृष्णपाल सिंह परमार हतलई चक्क 91 प्रतिशत 2-आयुषी राजा पुत्री अरविंद सिंह परमार रामनगर दतिया 84 प्रतिशत3-कृष्ण प्रताप सिंह पुत्र अजय प्रताप सिंह परिहार दतिया78 प्रतिशत कक्षा 10 वीं में- 1-अभिनभ प्रताप पुत्र योगेंद्र सिंह परमार उदग्वां 90 प्रतिशत 2-अश्वनी प्रताप पुत्र शैलेंद्र सिंह चंदेल दतिया 84 प्रतिशत 3-आयुष सिंह पुत्र इंद्रपाल सिंह परमार दतिया 88 प्रतिशत 4-गोरी राजा बुन्देला 94 प्रतिशत 5-चन्द्रपाल सिंह सिसोदिया दतिया 85 प्रतिशत।

## दतिया में आयोजित हुआ तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम




**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

पी एम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस दतिया (मध्य प्रदेश) में आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम के तहत कल दिनांक 02/07/2028 को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. जयश्री त्रिवेदी द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नवागन्तुक छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई। साथ ही इस मौके पर उपस्थित नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का महाविद्यालय परिवार द्वारा तिलक लगाकर और पुष्प गुच्छ देकर उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना दी गई।

इस अवसर पर नव प्रवेशी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. जयश्री त्रिवेदी द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए शिक्षा के अवसर और महत्व के बारे में बताया। दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक डॉ. पुनीत प्रताप पांडेय ने नवागंतुक छात्रों को अध्ययन के साथ साथ महाविद्यालय की रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. भावना भटनागर ने विद्यार्थियों को कैरियर उन्मुखता, कौशल विकास तथा डॉ. दीपिका दीक्षित ने भारतीय ज्ञान परंपरा और नई शिक्षा नीति की विशेषताओं के बारे में बताया।

डॉ. अरविंद यादव ने स्वयं(ऑनलाइन) कोर्सेस , इग्नू कोर्सेज आदि के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। डॉ. रश्मि सिंह द्वारा विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना पर प्रकाश डाला गया ।महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी ने महाविद्यालय में संचालित होने वाली खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के सभी वरिष्ठ प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुनीत प्रताप पांडे द्वारा किया गया तथा आभार ज्ञापन डॉ. अरविंद यादव द्वारा किया गया।

## ननि ने किया सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान का शुभारंभ

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।** मानसून के मौसम में स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाने के बेहद आवश्यक महत्व को समझते हुए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (महूआ) के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 द्वारा 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान का शुभारंभ 2 जुलाई बुधवार को निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देश पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया एवं जाकिर जाफरी द्वारा निगम सभाकक्ष में किया गया किया गया। उक्त अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा।अभियान के प्रमुख रूप से 6 स्वच्छ मूल मंत्र जैसे स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पड़ोस,स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ जल निकाय, स्वच्छ सार्वजनिक स्थान पर ध्यान केंद्रित कर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया, विशाल जोशी, अरुण तोमर के साथ सहयोगी संस्था बेसिक्स टीम की उपस्थिति रही।

## वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश में वैश्य विभूति अलंकरण से अलंकृत डॉक्टर, पत्रकार, समाजसेवी हुए सम्मानित

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

विगत दिवस देश प्रदेश में समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के द्वारा समय-समय पर अपने बीच के समाज सेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान किया जाता है, जिससे आने वाली पीढ़ी को उसका अनुसरण कर सके, तत्पश्चात वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के जिला सम्मेलन नरसिंहपुर होटल सावित्री सिंग्नेचर में नरसिंहपुर जिले के समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने वाले एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में समाचार के माध्यम से समाज सेवा करने वाले विशिष्टजनों का सम्मान किया गया, इसीक्रम में चिकित्सा के कार्यक्षेत्र एवं साहू समाज व समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने वाले डॉक्टर के के साहू , पत्रकारिता के क्षेत्र में पत्रकार संजय जैन, साहू समाज से युवा अध्यक्ष व पत्रकार मनीष साहू बंटी, फोटोग्राफर संजय राय का अपने बीच के वरिष्ठजनों का भी सम्मानपत्र समर्पित करते हुए वैश्य विभूति अलंकरण से अलंकृत किया, जिला सम्मेलन में विशेष रूप से उपस्थित प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल महिला इकाई प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन प्रदेश महामंत्री सुनील कोठारी जिलाध्यक्ष अजय कुमार जैन - जिला प्रभारी बी.डी. सोनी महिला इकाई जिलाध्यक्ष सपना जैन कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुधीर जैन प्रदेश कर समिति सदस्य मिनेंद्र डागा संभाग उपाध्यक्ष नवनीत चाचा संभाग संगठन - मंत्री अनिल गुप्ता युवा इकाई संभाग अध्यक्ष इंजी. जितेंद्र गुप्ता जिला प्रभारी अमित जैन जिलाध्यक्ष आयुष कठल सभी तहसीलों के पदाधिकारीयों, अनेक विशिष्ट जनों की उपस्थिति में यह सम्मान दिया गया, सम्मान समारोह का संचालन संगठन महामंत्री विनीत नेमा एवं नरसिंहपुर तहसील प्रभारी आशीष - नेमा द्वारा किया गया।





## मुख्य मार्गों पर विचरते पशुओं से आमजन की हो रही परेशानी

> पुराना इंदौर भोपाल हाईवे पर हजारो वाहनो का प्रतिदिन होता है आवागमन वहीं पशुओं द्वारा झुंड बनाकर बीच मार्ग में बैठना, विचरण करना, तथा मार्ग के बीच में पशुओ का खडा होना दे रहां है बडा कौई हादसा होने का न्योता

**पीपुल्स प्रवक्ता, आष्टा।**

आष्टा नगर के पुराना इंदौर भोपाल हाईवे मार्ग पर प्रतिदिन पशुओं का बीच मार्ग पर झुंड बनाकर बैठना,विचरण करना,व खडे रहने का जमावडा बना हुआं रहता है जिससे की कभी भी वाहनो के पशुओं से टकराने या बचाने को लेकर कौई बडी घटना,दुर्घटना घटित हो सकती है मगर शासन प्रशासन के जिम्मेदारो द्वारा लापरवाही बरतने में कहीं कौई कसर बाकी नही छोडी जा रही है जबकि प्रतिदिन पुराना इंदौर भोपाल हाईवे मार्ग से हजारो वाहनो का आवागमन होता है।



वहीं शहर के अंदर भी यही आलम निर्मीत है जिससे की शहर वासियो सहित राहगीरों के आवागमन करने में बडी समस्या का प्रतिदिन सामना करना पडता है वहीं अन्जाने में पशुओं के हमले का अंदेशा आमजन राहगीरों शहरवासियों मे बना हुआं है। मगर संबंधित विभाग अपनी आंखे मुंदे सब कुछ जानकर भी अन्जान बना हुआं है वही अपनी सुस्त कार्यप्रणाली का परिचय देते नजर आ रहां है वहीं शहर के अंदर मुख्य मार्गो सहित गलियो और चौराहो सहित पुराना इंदौर भोपाल हाईवे रोड पर विचरण करते तथा झुंड बनाकर बैठते व बेतरतीब खडे पशुओ से कोई बड़ी कभी भी अनहोनी घटना का न्योता मिलने के साफ संकेत नजर आ रहे है मगर शासन प्रशासन अपनी मनमानी और लापरवाही के चलते ईस समस्या को नजर अंदाज करते दिखाई दे रहां है अब देखना यह है कि शासन प्रशासन इस बडी समस्या की और कब ध्यान देता है ये तो आने वाला समय तय करेगा फिलहाल तो आमजन,राहगीर, दुकानदारो व शहरवासियों सहित ग्रामीण जन इस समस्या से जुझते नजर आ रहे है।

## देवास में भाजपा कार्यालय पर भी मना जश्न

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

भारतीय जनता पार्टी देवास जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने मध्यप्रदेश भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से आज प्रदेश भाजपा कार्यालय, भोपाल में भेंट कर उन्हें नवीन दायित्व हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। सेंधव ने कहा कि खंडेलवाल की कुशल संगठन क्षमता और प्रभावी कार्यशैली से भाजपा संगठन निश्चित रूप से नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। इधर देवास भाजपा जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और मिठाइयाँ वितरित कर हर्ष और उल्लास के साथ जश्न मनाया। जिले के सभी मंडलों में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर मिठाई खिलाकर आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर ओम जोशी, जिला महामंत्री, मनीष सोलंकी, भरत चौधरी, जगनु गोस्वामी , धमेंद्र बेस, मनोहर जाधव, सुरेश सिलोदिया, देवेंद्र नवगोत्री, शुभम चौहान, दीपक बैरागी, नवीन सोलंकी, जुबेर लाला, अजय तोमर, मिलिंद जाधव, दुर्गेश चिल्लोरिया, भरत व्यास, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## जैन समाज सामाजिक संगठन का जिला स्तरीय सम्मेलन शिवपुर मातमोर में हुआ आयोजित




**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

ज़िले के चापड़ा में स्थित श्री मातमोर जैन तीर्थ में जैन समाज सामाजिक संगठन का ज़िला स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न रविवार को आयोजित हुआ। सम्मेलन में ज़िले भर के जैन समाज के श्री संघ शामिल हुए। ज़िला स्तरीय सम्मेलन में सर्वप्रथम भगवान के समक्ष द्वीप प्रज्वलित किया गया। जिसके बाद संगठन के अध्यक्ष महावीर जैन द्वारा शाब्दिक रूप से स्वागत कर सम्मेलन की शुरुआत की। तत्पश्चात सम्मेलन में संगठन के संयोजक नरेंद्र जैन द्वारा संगठन की ओर से कार्यक्रम की रूप रेखा रखी गई। सम्मेलन में मुख्य वक्ताओ द्वारा जैन समाज के उत्थान, सामाजिक समस्या और उनके समाधान को विषय रखकर अपने विचार रखे। संगठन के सचिव दिलीप चौधरी ने कहा कि संगठन की 4 इकाई बनाई जाएगी जो पूरे देवास जिले के अलग अलग क्षेत्रों में संगठन को मजबूती प्रदान करेगी।

संगठन पूरे देवास जिले में जैन समाज के सदस्यों तक पहुंच कर उनके उत्थान एवं सामाजिक रूप से जिले के अंतिम छोर तक पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। सम्मेलन में संगठन के संयोजक नरेंद्र जी जैन ने संगठन की जिला समिति के सदस्यों के नाम की घोषणा की गई।

संगठन को जिले से संभाग स्तर पर पहुंचाने के लिए उज्जैन ज़िले के संयोजक के रूप में नेमीचंद भेरूलाल जैन को नियुक्त किया गया। आगे जल्द शेष ईकाई का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन गौरव दुगड़ एवं राजेंद्र बट्ट ने किया।

## चरित्र संदेह पर पत्नि की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।** न्यायालय पंचम अपर सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर वैभव सक्सेना के न्यायालय द्वारा हत्या के आरोपी परषोत्तम चौधरी उम्र 32 वर्ष आत्मज ओमकार चौधरी निवासी लाठगांव (पिपरिया) थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) में दोषसिद्ध पाते हुये आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। जिला अभियोजन के जिला मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि 23.11.2024 को पुलिस थाना गोटेगांव में ग्राम लाठगांव का ग्राम कोटवार द्वारा सूचना दी गई थी। इस मामले में आरोपी अपनी पत्नी पर शक करता था और उसने सब्बल मारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मामले की समस्त आवश्यक अनुसंधान कार्यवाही की जाकर विवेचना के दौरान थाना गोटेगांव में असल अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन नरसिंहपुर रामकुमार पटेल के निर्देशन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी इंद्रमणि गुप्ता द्वारा की गई।

# जिले भर के निजी उर्वरक विक्रेताओं छापामार कार्यवाही

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

कलेक्टर स्वप्निल वानखडे के निर्देशानुसार कल जिले भर में उर्वरक की काला बाजारी और जमाखोरी पर रोकने के उददेश्य से एक बड़ा अभियान चलाया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, तथा ग्रामीण विकास और शहरी विकास विभाग के सभी अधिकारियों की अलग-अलग टीमें बनाकर लगभग सभी बडे निजी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर कल दोपहर में एकसाथ छापेमारी कार्यवाही की गई। कल बुधवार को कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने स्वयं बडोनी के एक प्रमुख उर्वरक विक्रय केंद्र में पहुंचकर पूरी जांच की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्ता युक्त खाद उपलब्ध कराना मध्य प्रदेश सराकर की प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



अभियान के दौरान निम्न बिंदुओं पर विशेष जांच की गई जिसमें लाइसेंस की वैधता और प्रदर्शन, उर्वरक का स्रोत, बिल, ट्रांसपोर्टर विवरण, स्टॉक और वितरण रजिस्टर का मिलान, गोदाम में भौतिक स्टॉक का सत्यापन, नकली या पुनः पैक किए गए अमानक खाद की बिक्री, सरकारी दर सूची का प्रदर्शन और पालन, किसानों से ली जा रही कीमत और बिल की अनिवार्यता शामिल रहे। कलेक्टर वानखड़े ने बताया कि यह कार्यवाही किसानों के हितों की रक्षा और जिले में खाद की आपूर्ति प्रणाली को पारदर्शी व सुचारू बनाए रखने के लिए की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन दुकानों में अनियमितता या कालाबाजारी के प्रमाण मिले हैं, उनके विरुद्ध तत्काल लाइसेंस निलंबन, रद्दीकरण, आर्थिक दंड या आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे ताकि किसानों को समय पर और उचित दर पर खाद मिल सके तथा कालाबाजारी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। इसी प्रकार दतिया विकासखंड में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दतिया संतोष तिवारी के नेतृत्व में रिटेल डीलर उर्वरक का निरीक्षण किया गया।

# कथा की आज होगी पूर्णाहुति

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

मेंढकी रोड स्थित कलश गार्डन में रामांश मिश्रा के प्रथम जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस पर भक्तिमय माहौल में श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह महोत्सव का सुंदर प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कथा वाचक पं. मनीष गौतम शास्त्री, बड़ा अखाड़ा, मैहर (म.प्र.) ने श्रद्धालुजनों को इस पावन प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। आयोजक रमेश मिश्रा ने बताया कि कथा के दौरान सुमधुर भजनों की प्रस्तुति भी दी गई, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह का सचित्र दृश्य भी प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाराज श्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत एवं अन्य पुराणों में श्रीकृष्ण और रुक्मणि के विवाह की कथा अत्यंत रोचक, प्रेमपूर्ण और प्रेरणादायक मानी जाती है। रुक्मणि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थीं। वह अत्यंत रूपवती, गुणवती, धर्मनिष्ठ और श्रीकृष्ण को हृदय से वरण कर चुकी थीं। रुक्मणि ने बचपन से ही श्रीकृष्ण की लीलाओं को सुना और उन्हें ही अपने मन, वचन और कर्म से पति रूप में स्वीकार कर लिया। परंतु उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह चंद्रभागा (चेदिराज शिशुपाल) से तय कर दिया, जिसे रुक्मणि नापसंद करती थीं। जब विवाह की तिथि निकट आई, तब रुक्मणि ने श्रीकृष्ण को एक ब्राह्मण के हाथों गुप्त प्रेम-पत्र भेजा, जिसमें उन्होंने श्रीकृष्ण से आकर उन्हें हर ले जाने की प्रार्थना की। कथा की पूर्णाहुति कल सप्तम दिवस पर श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र के प्रसंग के साथ किया जाएगा।

